नए सत्र से इंजीनियरिंग की दो सौ सीटों पर होंगे दाखिले

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। नरेंद्रनगर पॉलीटेक्निक परिसर में स्थिति गवर्नमेंट इंटीग्रेटेड इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में अगले सत्र से इंजीनियरिंग के चार कोर्स शुरू किए जाएंगे, जिनमें दो सौ सीटों पर दाखिले दिए जाएंगे। ये यूटीयू के नए कैंपस कॉलेज के रूप में संचालित किया जाएगा।

विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि गवर्नमेंट इंटीग्रेटेड इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की स्थापना के साथ यह विवि का सातवां कैंपस होगा और यूटीयू प्रदेश में सबसे अधिक कैंपस संस्थानों वाला विवि बनेगा।

विवि के इस कैंपस में शैक्षणिक सत्र 2024-25 से बीटेक पाठ्यक्रम की कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ब्रांच में 60 सीटें, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच, आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस व फूड टेक्नोलॉजी में 30-30 सीटों की क्षमता के साथ शुरू किया जाएगा। विवि कार्यपरिषद से अनुमोदन प्राप्त किया जा चुका है, अब राज्य सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद संचालन की प्रक्रिया शुरू होगी।